-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 24.05.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **अवैध तमंचे के साथ भ्रमण कर रहे अभियुक्त को थाना मटौंध पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार। अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस बरामद।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध शस्त्रों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना मटैंध पुलिस द्वारा अवैध तमंचे के साथ भ्रमण कर रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है, अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचा बरामद हुआ है। गौरतलब हो कि आज दिनांक 24.05.2026 को थाना मटौंध पुलिस को गश्त एवं संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की एक व्यक्ति लवकुश को मुड़ेरी रोड मटौंध के पास अवैध तमंचा लिए घूम रहा है। सूचना पर तत्काल पुलिस द्वारा मौके पर जाकर पूछताछ करते हुए तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस बरामद हुए। जिसके सम्बन्ध में थाना मटौंध पर अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर सम्बन्धित मा0 न्यायालय भेजा गया।

बरामदगी-

- 01 अवैध तमंचा 12 बोर
- 01 जिन्दा कारतूस 12 बोर

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. लवकुश पुत्र रघुवीरशरण निवासी जखौरा थाना मटौंध जनपद बांदा।

पंजीकृत अभियोग-

- मु0अ0सं0- 101/26 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना मटौंध जनपद बांदा।

गिरफ्तारी करने वाली टीम-

1. उ0नि0 श्री विकाश नेहरा
2. कां0 शशिकांत
3. कां0 टिन्कू मौर्या